## सुहाग की रक्षा और सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए व्रत का महत्व

# हरतालिका तीज की डेट को लेकर न हों कंफ्यूज, यह पूजा की सही तारीख

**कटनी,यशभारत।** भादो माह में हरतालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है. सुहाग की रक्षा और सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाएं और कुंवारी लड़कियां जरूर रखती हैं। कहते हैं मां पार्वती ने देवो के देव महादेव को पाने के लिए हरतालिका व्रत किया था. कहते हैं इस व्रत के प्रभाव से पति को दीर्घायु और सुखी जीवन का वरदान प्राप्त होता है. हरतालिका तीज की डेट को लेकर कंफ्यूज न हों. यहां जानें किस दिन मनाई जाएगी हरतालिका तीज.




### हरतालिका तीज 2022, तारीख और मुहूर्त

भादो शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि आरंभ – 29 अगस्त 2022 सोमवार को शाम 3 बजकर 21 मिनट से भादो शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि समाप्ति – 30 अगस्त 2022 मंगलवार को शाम 3 बजकर 34 मिनट तक उदयातिथी के अनुसार हरतालिका तीज का त्योहार 30 अगस्त 2022 को मनाया जाएगा।

सुबह का शुभ मुहूर्त– 30 अगस्त 2022, सुबह 06.05 – 08.38 बजे तक

प्रदोष काल मुहूर्त – 30 अगस्त 2022, शाम 06.33– रात 08.51 तक

### ऐसा है 2022 संयोग

इस साल हरतालिका तीज पर शुभ योग और हस्त नक्षत्र का संयोग बन रहा है. शुभ योग 30 अगस्त को 01.04 रूसे 31 अगस्त 2022 को 12.04 रूतक रहेगा. इस योग में महादेव और पार्वती की पूजा से विशेष आशीर्वाद मिलता है. वहीं हरतालिका तीज के पर पूरे दिन हस्त नक्षत्र रहेगा. कहते हैं इस नक्षत्र में 5 तारे आशीर्वाद की मुद्रा में होते हैं इसलिए तीज पर व्रतधारी पर ग्रह नक्षत्र की भी कृपा रहेगी.

### तीज व्रत के नियम

हरतालिका तीज के व्रत एक बार शुरू कर लिया जाए तो इसे बीच में छोड़ा नहीं जाता. अगर किसी कारणवश ये व्रत न कर पाए तो इसका उद्यापन कर घर में दूसरी महिला को दे दें. हरतालिका तीज पर निर्जला व्रत किया जाता है. इस दिन अन्न, जल का त्याग करना पड़ता है. बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के लिए फलाहार की जरूर छूट है. धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन व्रतधारी को दिन और रात में सोने की मनाही है. रात्रि में जागरण कर भजन कीर्तन करें, महादेव और मां पार्वती का स्मरण करें।

हरतालिका तीज को लेकर बाजार में रौनक दिखने लगी है। कटनी के मुख्य बाजार मेन मार्केट में महिलाओं की संख्या दुकानों में ज्यादा है। विशेष तौर पर ज्वेलरी, कपड़े कास्मेटिंग तथा सजावट की सामग्री वाली दुकानें सजीं हैं।

# बारिश खोल देती है पोल



**कटनी,यशभारत।** कटनी शहर में विकास की योजनाओं में भ्रष्टाचार या यूं कहें जिम्मेदारों की अनदेखी तथा लापरवाही पूरी व्यवस्था की पोल खोल कर रख देती है। शहर की सड़कों पर कल रात बारिश के बाद जो हाल था उससे सिवा कोसने के कुछ नहीं किया जा सकता। अधिकांश स्थानों पर सीवर लाइन के अधूरे काम के कारण व्यवस्था बिगड़ती दिखी खास बात यह है कि 25 मई को केके स्पन कंपनी को समय पर काम न करने पर टर्मिनेट कर दिया गया था। ठेकेदार को 35 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। कंपनी ने घटिया काम किया, जगह-जगह लाइन धंस रही है। पूर्व में भी कई गंभीर गड़बडियां उजागर हुईं, लेकिन नगर निगम ने गुणवत्ताविहीन कार्य कहीं नहीं माना, क्योंकि इसमें नगर निगम के अधिकारियों की भी गर्दन फंस जाती। पुराने ठेकेदार की बैंक गारंटी का नकदीकरण होगा। सुरक्षा निधि 15 करोड़ रुपये जमा है, वह नगर निगम के पास आएगी। बता दें कि 5 करोड़ रुपये परफामरमेंस गारंटी, 5 प्रतिशत सुरक्षा निधि, मोबलाइजेशन जमा है वह कटेगा। लगभग तीन माह का समय पूरा हो गया है और अभी तक टेंडर की प्रक्रिया नगर निगम पुलिस नहीं कर पाया। अब शेष बचे कार्य के लिए रिटेंडर की फिर प्रक्रिया होगी।

### बिजली ने खूब रूलाया

सड़कों के साथ दूसरी सबसे बड़ी समस्या बिजली की थी। बारिश के बाद शहर ही नहीं उपनगरीय क्षेत्रों में शाम से गायब बिजली देर रात आ सकी कहीं तो बिजली आज सुबह ही आ पाई। एमपीएसईबी ने इसे बड़े फाल्ट के कारण बता कर पल्ला झाड़ लिया कटनी शहर में मात्र 4 सुधार की प्रमुख टीमें घूमती हैं जबकि कंपलेंट सैकड़ों में आती है। इस बार ब्रिजली की गंभीर समस्या पर लोगों का कहना है कि ऐसा बीते वर्षों में नहीं था इस बार पता नहीं कैसा मेंटनेंस किया गया ।

# विखडंन के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाली रैली



## विधायक ने रैली में शामिल होकर दिया समर्थन

**कटनी, यशभारत।** जिला एवं सत्र न्यायालय को विखंडित कर विजयराघवगढ़ तहसील में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय की लिंक कोर्ट खोले जाने के विरोध तथा जिला न्यायालय में अन्य न्यायालयों, जिनमें प्रमुख रूप से श्रम न्यायालय, रेलवे न्यायालय, औद्योगिक न्यायालय, अतिरिक्त कमिश्नर राजस्व न्यायालय की स्थापना किये जाने की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ के आव्हान पर अधिवक्ताओं ने विगत दिवस वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली शहर के हृदय स्थल पुरानी कचहरी से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती जिला न्यायालय झिंझरी में पहुंचकर समाप्त हुई। स्थानीय विधायक एडवोकेट संदीप जायसवाल ने रैली में शामिल होकर अधिवक्ता संघ की मांगों को अपना समर्थन दिया। रैली का शुभारंभ जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला ने हरी झंडी दिखा कर किया। रैली का नेतृत्व तिरंगे झंडे ने किया। रैली में तकरीबन 800 अधिवक्ता अपने ड्रेस कोड में रहे। जिसमें बहोरीबंद,, रीठी, ढीमरखेड़ा के अधिवक्ता भी शामिल रहे। रैली पुरानी कचहरी लक्ष्मी बाई चौक से शुरू होकर गणेश तिराहा, दिलबहार चौक, सुभाष चौक, मिशिन चौक, बरगवां, माधवनगर गेट, कलेक्ट्रेट होते हुए जिला न्यायालय झिंझरी में पहुंची। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, उपाध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल, सचिव मथुरा तिवारी, मनीष शुक्ला, रविन्द्र गुप्ता, राकेश शुक्ला, राकेश यादव, रामजी यादव ने जिला न्यायालय के विखंडन को रोकने तथा कटनी में श्रम न्यायालय, रेल न्यायालय, राजस्व कमिश्नर न्यायालय खोले जाने के संबंध में अपने विचार रखे। आगामी रूपरेखा के लिए अधिवक्ता संघ के सभागार में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से सोमवार को भी अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे का निर्णय लिया गया।

## जांच तक सीमित अस्पतालों में फायर सेफ्टी

**कटनी,यशभारत।** फायर सेफ्टी को लेकर की जा रही जांच में जिले में संचालित अस्पतालों में काफी कमियों का खुलासा हुआ। जांच टीम को चार अस्पताल तो ऐसे संचालित मिले हैं, जिसमें गंभीर लापरवाही उजागर हुई। मरीजों की सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने इन चारों अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने पर रोक लगा दी जबकि 22 निजी अस्पतालों को भी मानकों का पालन नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया पर इस कार्रवाई के एक सप्ताह गुजरने के बाद क्या हुआ किसी को पता नहीं। सूत्रों के अनुसार अभी सिर्फ दो अस्पताल ही तय मापदंड को पूरा करने में जुटे हैं बाकी अस्पतालों में सेटिंग की चर्चा है।

# 675 किलोग्राम महुआ लाहन व 15 लीटर मदिरा जब्त



**कटनी,यशभारत।** मदिरा का अवैध संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण पर रोक लगाने के लिए जिले में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेश व जिला आबकारी अधिकारी आरके बघेल के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद में ग्राम सिंहुडी, गुदरी में टीम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। जिसमें टीम ने 675 किलोग्राम महुआ लाहन, 11 पाव प्लेन मदिरा और 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। साथ ही मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तहत 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर उसे नष्ट किया गया। जब्त लाहन व मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 36,700 रूपये आंकी गई है।

**कार्यालय रिटर्निंग ए.सी.सी. खानपान जलपान सहकारी समिति मर्यादित कैमोर पं.क्रं. 01**

**ए.सी.सी. खानपान जलपान सहकारी समिति मर्यादित कैमोर पं.क्रं. 01 के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन।**

दिनांक- 28-08-2022

(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक 28.08.2022, (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक 07.09.2022, (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक 08.09.2022, (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक 10.09.2022 (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक 18.09.2022 (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक 19.09.2022 (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक 19.09.2022 (8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक 22.09.2022।

एस.के. जैन (प्रशासक) — एच.एन. प्रजापति (रिटर्निंग अधिकारी )

**ए.सी.सी. खानपान जलपान सहकारी समिति मर्यादित कैमोर पं.क्रं. 01**

## नीलिमा ❤ से



### उभरी लकीर

कोई सुन ना ले दबी हुई सिसकियों को
खामोशी का हर कतरा कहर लगता है

अभी तो सफर है और लंबा जिंदगी का
आने वाले हर तूफां के मंजर से डर लगता है

भीतर से मुरझाया हुआ बेज़ान है पर
ज़माने को ये हरा भरा शजर लगता है

दिल में छुपा कर रखा है कोई सैलाब मगर
आँखों से बहते अश्कों की नहर लगता है

कितने मिलेंगे और घाव पर मरहम नहीं कोई
उलझनों में फंसा जीवन अब भँवर लगता है


नश्तर सा चुभता ये दर्द अब जहर लगता है
बस गया है बेरहम हाथों की उभरी लकीर लगता है

खुशियों से तर दामन भी छलनी है कांटों से
बहुत मुश्किल अब जिंदगी का सफर लगता है

दर्द का एक दौर भी तय कर लिया अब तलक हमने
मगर शूल सा ये दर्द तो जीवन की ठहर लगता है !!!


- नीलिमा पाठक सामंतरे

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से
रोजाना 4 शो
01:00 PM
04:00 PM
07:00 PM
10:00 PM
LIGER
(हिन्दी में)
टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

सिटी मॉल बरही रोड में




26 अगस्त से
FRIDAY : 12 PM, 6 PM, 9 PM
SATURDAY : 12 PM, 6 PM
SUNDAY : 12 PM, 6 Pm
MONDAY: 12 PM, 3 PM, 6 PM
TUESDAY : 12 PM, 3 PM, 6 PM
WEDNESDAY : 12 PM, 3 PM, 6 PM, 9 PM
THURSDAY: 12 PM, 3 PM, 6 PM, 9 PM
KARTHIKEYA 2
(हिन्दी में)
टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से
FRIDAY : 2:30 PM
SATURDAY : 2:30 PM, 9:00 PM
SUNDAY : 2:30 PM, 9:00 PM
MONDAY : 9:00 PM
TUESDAY : 9:00 PM
ANTER YATRI MAHAPURUSH
(हिन्दी में)
टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 26 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
लाइगर
कलाकार- विजय देवराकोंडा, अनन्या पांडेय, राम्या कृष्णन, रोनित राय आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, रविवार, 28 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# अन्नदाताओं की फसल को हाथियों के झुंड ने रौदा

## हाथियों की चिंघाड़ से दहशत में किसान, अभी भी गांव में हाथियों का डेरा



**खितौली के बगदरा बगदरी का मामला**

कटनी/बरही, यशभारत। हाथियों का झुंड अन्नदाताओं की मेहनत, खून-पसीना बहाकर तैयार फसल पर कहर बनकर टूट रहे है। दो साल के अंतराल में दूसरी बार हाथियों के झुंड ने खेतो में तांडव मचाते हुए खड़ी धान की फसल को रौंद दिया, जिससे आदिवासी किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। दो दिन से रात में हाथियों के चिंघाड़ सुनकर ग्रामीण, किसान दहशत के साए में जी रहे है। विगत वर्ष हुए नुकसान पर मरहम लगाने वन मंत्री विजय शाह खितौली के बगदरा.बगदरी पहुंचकर हाथियों के तांडव पर लगाम लगाने नेशनल पार्क के अधिकारियों को आदेश.निर्देश दिए थे, लेकिन किसानों को अभी तक राहत नही मिली है। खितौली के बगदरा-बगदरी 2 दिन के अंतराल में 2 बार हाथियों के झुंड ने तांडव करते हुए फसलों को रौंद दिया है। अभी भी हाथियों का झुंड क्षेत्र में ही डेरा जमाए हुए है। गुरुवार व शुक्रवार की रात्र हाथियों के झुंड ने फसल बर्बाद कर दी है।

### झारखंड, छत्तीसगढ़ से पहुंचा हाथियों का झुंड

दो साल बाद एक बार फिर दर्जनों हाथियों के झुंड ने खितौली क्षेत्र के बगदरा गांव में किसान की 10 एकड़ में लगी धान की फसल को तहस.नहस कर दिया। झारखंड और छत्तीसगढ़ से होते हुए बांधवगढ़ नेशनल पार्क पहुंचे करीब तीन दर्जन हाथियों के झुंड ने लगातार किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जिसके बाद वन विभाग ने हाथियों के झुंड को खदेड़ रही है। 2 साल से हाथियों के आतंक इस क्षेत्र में नहीं देखा गया था एक बार पुनः हाथियों के झुंड ने जंगल से निकलकर जंगल के आस.पास के गांव की ओर रुख कर के फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।

### पिछले तीन वर्षों क्षेत्र में बनाया स्थाई डेरा

3 वर्षों से इन हाथियों ने अपना स्थाई डेरा यही बना रखा है। हाथियों से किसानों की फसल की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा दिए गए बावजूद इसके हाथियों का आतंक ग्रामीण क्षेत्रों जंगल से सटे गांव और खेतों में थमने का नाम नहीं ले रहा है अक्टूबर 2020 में खितौली क्षेत्र के बगदरा गांव का भ्रमण कर वन मंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया था कि हाथियों को स्थाई रूप से यहां से अलग कर दिया जाएगा, बावजूद इसके 2 वर्षों के बाद हाथियों का इस तरह से जंगल के सटे गांव में तांडव मचाना शुरू कर दिया है, जो जन चर्चा का विषय बन गया है। जंगल क्षेत्र से सटे हुए गांव के लोग हैं भय और दहशत के साए में चिंतित नजर आ रहे हैं।



# दलदल में तब्दील सड़क, लोग परेशान

### बडवारा जनपद के बिचपुरा पंचायत के सेहरा टोला का मामला

कटनी/बरही, यशभारत। तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर बिचपूरा पंचायत के मजरे टोला सेहरा टोला के वाशिंदों को आवागमन करने के लिए दलदल भरे मार्ग से आना जाना मजबूरी हो चुकी है करीब डेढ़ 500 सौ की आबादी को इस रास्ते से हाट बाजार से लेकर स्कूली शिक्षा उच्च शिक्षा के अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी दलदल भरे मार्ग से आना जाना इन लोगों का नसीब बन चुका है बता दें कि यहां के निवासरत बाशिंदे बाणसागर डूब प्रभावित ग्रामों के उमरिया जिले के ग्राम जोबीए पंडखुड़ी के लोग निवासरत है। इस सैहरा टोला में रह रहे 500 लोगों के लिए एक अदद प्राइमरी शिक्षा भी मुहैया नहीं की गई है जिससे 3 किलोमीटर इस दलदल भरे मार्ग से प्रतिदिन बच्चे स्कूल आना.जाना करते हैं बच्चों के अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर अन्य किसी कार्य के लिए भी यही एक मार्ग है जो दलदल से सना हुआ है इस कीचड़ भरे रास्ते से स्कूली बच्चे कीचड़ से लथपथ स्कूल पहुंच रहे हैं और उसी तरह पुनः कीचड़ से सराबोर होकर अपने घर पहुंचते हैं बच्चों की परेशानी यह परेशानी आम हो चुकी है यहां के लोग अपने मन को मसोसकर प्रशासन को कोसते रहते हैं।

### बारिश के मौसम में जोखिम भरा रहता है मार्ग

बारिश के मौसम में यह 3 किलोमीटर का रास्ता लोगों के लिए काल की तरह दिखाई देता है। दो पहिया वाहन चालक हों या साईकिल सवार, इस मार्ग में वाहन चलाना किसी करतब से कम नहीं है। स्कूली बच्चे दलदल की वजह से फिसलकर चोटिल होते हैं। अनेकों बार बच्चों के हाथ पैर भी फ्रेक्चर हो चुका हैं। यहां निवासरत रामसुजान विश्वकर्मा, रामकुमार, हेमंत पयासी, राजकुमार पयासी, रामसजीवन तिवारी, रवि पयासी, रामप्रसाद शिवानंद बताते हैं कि ये लोग यहां 3 दशकों से निवासरत है। बरसात के मौसम में इनको ऐसा आभास होता है कि यह लोग 21वीं सदी में निवासरत ना होकर पाषाण युग में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हो।

### कैम्पस प्लेसमेंट में 150 छात्रों का हुआ चयन

**कटनी, यशभारत।** शासकीय आईटीआई रोशन नगर एनकेजे में सुजकी मोटर गुजरात द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कैंपस में आईटीआई फिटर, डीजल मैकेनिक, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टेक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, पेटर जनरल, ऑटो मोबाईल एवं टूल एण्ड डाई मेंकर ट्रेड प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। कैंपस में 240 छात्र शामिल हुए। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद अंतिम रूप से 150 छात्रों का चयन किया गया। चयनित छात्रों को बस द्वारा शासकीय आईटीआई से गुजरात स्थित कंपनी में ज्वाइनिंग हेतु रवाना

# उचित मूल्य दुकानों में पहुंच कर दर्ज कराएं जानकारी

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम**

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपनी संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान में जाकर अपने परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड नंबर दर्ज कराकर ईकेवाईसी कराने और मोबाइल नंबर पीओएस मशीन में दर्ज कराने की अपील जिला आपूर्ति अधिकारी ने की है। उन्होंने बताया कि ईकेवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के नाम विलोपित कर दिए जाएंगे। परिवार में सभी सदस्यों की ईकेवायसी होने से परिवार का कोई भी सदस्य राशन दुकान में जाकर बायोमेट्रिक माध्यम से प्रदेश में एवं प्रदेश के बाहर अन्य राज्यों से राशन प्राप्त कर सकता है और जिन परिवारों के सदस्यों में आधार नंबर त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गये है या किसी अन्य सदस्य का आधार नंबर दर्ज हो गया था इस प्रक्रिया के द्वारा इन समस्त त्रुटियों में सुधार किया जा सकता है।

# योजनाओं का लाभ लेकर करें प्रगति, समय पर लोन की राशि भी करें जमा

## द्वारिका भवन में जिला स्तरीय रोजगार कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** युवाओं को अधिक से अधिक स्वरोजगार से जोड़ने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार नई नई योजनाएं लागू कर रही है। आप सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर प्रगति करें लेकिन लोन के रूप में मिलने वाली राशि का समय पर भुगतान भी करेंए ताकि उससे दूसरे हितग्राही भी योजना का लाभ उठा सकें। यह बात मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने द्वारिका भवन में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कही। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे में भी उपस्थित थे। इससे पहले विधायक श्री जायसवाल व जिला पंचायत सीईओ ने



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलन व कन्या पूजन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। जिला व्यापार एवं उद्योग प्रबंधक ज्योति सिंह ठाकुर ने जिला स्तरीय रोजगार कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत वितरित होने वाले ऋण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी मंच से साझा किए। विधायक श्री जायसवाल व जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने विभिन्न योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को मंच से स्वीकृत राशि के चेक व स्वीकृति पत्रों का भी वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग विभागए आजीविका मिशनए मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम, उद्यम क्रांति योजना, उद्यानिकी विभागए डूडा के द्वारा विभिन्न योजनाओं के 12 सौ से अधिक हितग्राहियों को चेक और स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को उपस्थित

# आदित्य वाहिनी सेना का गठन करने नियुक्तियां





**कटनी, यशभारत।** जगतगुरु शंकराचार्य गोवर्धन पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित धर्म संघ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी हिंदू राष्ट्र संघ के धर्म परायण राष्ट्र भक्तों की 27 अगस्त की प्रादेशिक संगोष्ठी में हिंदुओं को संगठित करने एवं आदित्य वाहिनी सेना का गठन करने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य वाहिनी प्रेमचंद्र झा के द्वारा मध्यप्रदेश आदित्यवाहिनी के क्षेत्रीय संयोजक अवनीश तिवारी के अनुमोदन पर जिले के लिए वीरेंद्र तिवारी त्यागी महाराज, अशोकनगर जिले के लिए सुनील राय एवं ग्वालियर के लिए ब्रजेश पटसारिया का मनोनयन किया गया है। समाज के सभी वर्गो के द्वारा वीरेंद्र तिवारी त्यागी महाराज को यह जिम्मेदारी दिए जाने पर जगदगुरु का आभार व्यक्त किया गया है। विदित हो कि मप्र के 11 जिलो में आदित्यवाहिनी के संगठन विस्तार की जिम्मेदारी अवनीश तिवारी को दी गई थी।

### हेल्प फाउंडेशन की चेयर पर्सन बनी सरिता



**कटनी, यशभारत।** नवगठित हेल्प फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक पुरानी बस्ती स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी श्रीमती सरिता गुप्ता को हेल्प फाऊंडेशन का चेयरपर्सन चुना गया। हेल्प फाउंडेशन में संरक्षक नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित शुक्ला को नामांकित किया गया है। हेल्प फाउंडेशन की नवनिर्वाचित चेयर पर्सन श्रीमती सरिता गुप्ता ने बताया कि हेल्प फाउंडेशन समाजसेवी कार्यों में रचनात्मक सहयोग प्रदान करेगा, जिसमें रक्तदान, कुपोषित बच्चों उत्थान हेतु कार्य, सामाजिक सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों में भी फाउंडेशन समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। बैठक में दीक्षा तिवारी, श्रीमती आशा श्रीवास, मानसी तिवारी, रेखा मिश्रा, अनुसुइया श्रीवास, श्रीमती कल्पना चौरसिया आदि

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033





# स्वरोजगार के लिए पथ विक्रेताओं को मिले ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र

## नगर परिषद विजयराघवगढ़ में आयोजन, वरिष्ठों का सम्मान

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अंतर्गत 27 अगस्त को विजयराघवगढ़ नगर परिषद ससभागार में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष उदयराज सिह चौहान एवं अध्यक्ष नवनिर्वाचित नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति वसुधा मिश्रा रहीं। कार्यक्रम के मंचासीन अतिथि के रूप मे मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राकेश गुप्ता, प्रमोद कुमार मिश्र, प्रमोद शुक्ला, जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, बलराम दास गुप्ता उपस्थित रहे जहां मुख्य अतिथि श्री चौहान ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए शासन द्वारा स्वनिधि कार्यक्रम के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृत की जानकारी प्रदान की गई, वहीं अध्यक्षता कर रही श्रीमति मिश्रा



ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अंतर्गत स्वरोजगार दिलाने शासन पथ विक्रेताओं को 20 हजार रूपए व शहरी अजीविका मिशन के अंतर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र के नागरिकों को स्वरोजगार हेतु 50 हजार रूपये का ऋण वितरित किया जाना है। इस कड़ी में कार्यक्रम में पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण प्रमाण पत्र बितरण के साथ ही नगर के वरिष्ठजनों व पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, पार्षद राजेश्वरी हरीश दुबे, सरोज चोधरी, जयशंकर उरमलिया, बलराम सोनी, सीता चोधरी, कल्पना सोनी, रमाकांत तिवारी, बलराम गुप्ता, सकीना बानो, दुर्गा देवी बर्मन, गीतानाराण खटीक, राकेश पांडे, पूर्व पार्षद महाजन सोनी, अरसद असरफी, सब्बीर, दीपचंद रजक, शेरा मिश्रा, अजय त्रिपाठी, निजाम खान, आशुतोष सराफ, हंसराज सिंह, अमरदीप यादव, सूरज प्रसाद, गुडडू शर्मा, शेख राजू सहित कर्मचारियो की उपस्थिति रही।

### पात्र परिवार खाद्यान्न पात्रता पर्ची प्राप्त करने जमा कराएं आवश्यक दस्तावेज

**कटनी, यशभारत।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत जिन पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा हैए ऐसे छूटे हुए पात्र परिवार के सदस्यों को स्थानीय निकायों के अमले के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित 27 प्राथमिकता परिवार श्रेणी में लाभान्वित करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन हितग्राहियों के पास 27 प्राथमिकता श्रेणियों के पात्रता संबंधी दस्तावेज हैं लेकिन उनके पास खाद्यान पात्रता पर्ची नहीं है, वह तत्काल अपने पंचायत सचिवए रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी से संपर्क कर उन्हें वांछित दस्तावेज जैसे पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेजों की छायाप्रति, समग्र आईडी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि प्रस्तुत करते हुए इस अभियान का लाभ ले सकते हैं।

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 26th August 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# बिजली-पानी के लिए मोहताज़ बिचपुरा के ग्रामीण



**बरही, यशभारत।** देश खूब विकास कर रहा है। मूलभूत सुविधाओं की बहार है। विकास सिर चढ़कर बोल रहा है, लेकिन कई ऐसे गांव है, जहां के वाशिंदे पानी, बिजली के लिए मोहताज़ है और जिम्मेदार विकास का राग अलाप रहे है। बड़वारा जनपद की ग्राम पंचायत बिचपुरा, जो बरही तहसील मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर है, यहां वार्ड क्रमांक 08 के वाशिन्दे जीवन के लिए सबसे उपयोगी पेयजल के लिए भटक रहे है। जल जीवन मिशन का पानी इन ग्रामीणों को कब मिलेगा इसके लिए जिम्मेदार एजेंसी फिलहाल माल कमाने में ही जुटी हुई है, लेकिन बिचपुरा के वार्ड 08 की 500 से ज्यादा की आबादी पानी के लिए पसीना बहाती नजर आ रही है। आलम यह है कि बरसात के इन दिनों में भी इन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। जिम्मेदार ग्राम पंचायत द्वारा यहां सार्वजनिक हैंडपंप की व्यवस्था नही की गई, जिससे इस वार्ड की महिलाएं पीने के लिए पानी पाने के लिए भटक रही है, और आरोप लगा रही है कि गांव के सार्वजनिक बोर में पंचायत पम्प नही लगा रही है, हैंडपम्प खराब पड़े है, तो वही बिजली गुल की समास्या ने उनकी मुसीबत और भी बढ़ा रखी है। तस्वीर देखकर ही बिचपुरा के इन ग्रामीणों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है।



## खेल दिवस का आयोजन 29 को

**कटनी,यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार स्व.मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त खेल दिवस का आयोजन जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किए जाने हेतु संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग से निर्देष प्राप्त हुए है। इसी तारतम्य में जिला स्तर पर संविदा जिला प्रषिक्षकों और विकासखण्ड स्तर पर संविदा समन्वयकों के द्वारा आयोजन कराए जावेंगे। जिला स्तर पर संविदा जिला प्रषिक्षकों के द्वारा इण्डोर हॉल माधवनगर में कुश्ती दोपहर 3:00 बजे से और द रॉयल पॉम्स स्कूल एनकेजे कटनी में सुबह 09:30 बजे से कराया जावेगा। विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड कटनी में शास. हाई. स्कूल जुहली में व्हॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 2:00 बजे, विकासखण्ड रीठी में मंगल भवन में कबड्डी खेल प्रतियोगिता दोपहर 2:00 बजे, विकासखण्ड विजयराघवगढ़ में शास.माध्यमिक शाला रजरवारा नं.02 में खो-खो खेल का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से और विकासखण्ड बहोरीबंद में कबड्डी व 50मीटर दौड का आयोजन भारत निर्माण स्कूल स्लीमनाबाद में किया जावेगा।

**लंबित शिकायतों की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तत्काल निराकरण करें अधिकारी



**कटनी,यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा प्रत्येक मंगलवार को स्थानीय समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकरणों में सुनवाई की जा रही है। मंगलवार को कलेक्टर श्री मिश्रा ने लंबित सात प्रकरणों में सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को जांच कर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। कटनी ग्रामीण तहसील अंतर्गत गणेश प्रसाद गड़ारी ने पटवारी द्वारा रिकॉर्ड दुरूस्त व बंटाकन न किए जाने और राशि की मांग करने की शिकायत की थी। प्रकरण में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुनवाई करते हुए एसडीएम कटनी को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता सीताराम दुबे ने 200 दिवस के अर्जित अवकाश का भुगतान न मिए जाने के संबंध में शिकायत की थी। मामले में कलेक्टर ने बीईओ से जांच रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित दोषी संकुल प्राचार्य व बीईओ नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश डीईओ को दिए। इसी प्रकार राजेन्द्र चौधरी की पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक को नियुक्त न किए जाने की शिकायत पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने डीईओ को जांच कर नियमानुसार दोषी प्राचार्य पर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देश दिए। कटनी शहर अंतर्गत अमित पांडेय द्वारा जमीन पर कब्जे को लेकर की गई शिकायत पर सुनवाई के बाद एसडीएम कटनी को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं आवेदक विमल बहादुर सिंह की अतिक्रमण संबंधी शिकायत पर भी एसडीएम कटनी को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशित किया गया। आवेदक मंगल के शासकीय स्कूल के बगल में अवैध कब्जा के प्रकरण पर एसडीएम विजयराघवगढ़ को शीघ्र सुनवाई कर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। आवेदक संदीप की नक्शा सुधार संबंधी लंबित शिकायत पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुनवाई करते हुए एसडीएम कटनी को नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।



# शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

**जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में शिक्षक कांग्रेस ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन**

**कटनी,यशभारत।** शिक्षक कांग्रेस ने शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के सत्यापन सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर शीघ्र उचित निराकरण नहीं किए जाने पर अब उग्र आंदोलन की चेतावनी प्रशासन एवं राज्यशासन को दी है। शिक्षक कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल द्वारा इस संबंध में गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी भी शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल के साथ उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के सैकड़ों शिक्षकों की सेवा पुस्तिका सत्यापन हेतु जिला पंचायत कार्यालय में वर्षों से लावारिस स्थिति में पड़ी हुई हैं, जिला शिक्षा कार्यालय में संविदा शिक्षक से राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्ति के प्रकरण धूल खा रहे हैं, पूरी योग्यता पात्रता एवं परीक्षण होने के पश्चात भी जिला शिक्षा कार्यालय में शिक्षकों की द्वितीय, तृतीय क्रमोन्नति के आदेश वर्षों से लंबित है। प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव नवनीत चतुर्वेदी, कार्य अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल मिश्रा सहित श्रवण पाठक, ऐश्वर्य मिश्रा, प्रहलाद मिश्रा, राजेश सराठे, बसंत पाण्डे, रमा यादव, अनिल पटेल, प्रद्युम्न बख्शी आदि पदाधिकारियों ने संकल्प लिया है कि यदि 15 दिवस के भीतर सभी आदेश जारी नहीं होते हैं तो संगठन आमरण अनशन सहित आंदोलन हेतु बाध्य

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजन कल

**कटनी, यशभारत।** स्वर्गीय मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजय भार ने बताया कि खेल दिवस पर जिला स्तर पर माधव नगर इंडोर स्टेडियम में कुश्ती का आयोजन 3 बजे से किया जाएगा जबकि द रॉयल पाम्स स्कूल एनकेजे में सुबह 9:30 बजे से आयोजन होगा। विकासखंड स्तर पर कटनी विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल जुहली में 2 बजे से वालीबॉल प्रतियोगिता होगी और विकासखंड रीठी के मंगल भवन में दोपहर 2 बजे से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड विजयराघवगढ़ के शासकीय माध्यमिक शाला रजरवारा नंबर 1 में दोपहर 12 बजे से खो-खो और विकासखंड बहोरीबंद के भारत निर्माण स्कूल में कबड्डी और 50 मीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा।



## आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी

**कटनी,यशभारत।** नगर के विभिन्न मार्गो से आवारा मवेशियों को पकड़कर नागरिकों को सुगम यातायात प्रदान करने के प्रयास रोजाना किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश पर सुचारू सफाई व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम की हाका टीम द्वारा विगत रात्रिकालीन बरगवां, झिंझरी मुख्य मार्गो तथा स्टेशन रोड, झंडा बाजार, गोल बाजार आदि मार्गों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण कर गंदगी करने तथा यातायात को प्रभावित करने पर 25 नग आवारा मवेशियों को निगम की हांका टीम द्वारा पकड़कर वाहन के माध्यम से इमालिया गौशाला भेजने की कार्यवाही की गई।

# सर्वोत्तम कृषक व कृषक समूह को मिलेगा पुरस्कार

कटनी,यशभारत। सब मिशन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा परियोजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 की गतिविधियों के आधार पर कृषक पुरस्कार एवं कृषक समूह पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि कृषकों द्वारा अपनाई गई तकनीक, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, अभियांत्रिकीय इंटरप्राइजेज, गतिविधियों में से एक-एक कृषक को मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर 25 हजार रूपये और जिले के प्रत्येक विकासखंड में विभिन्न गतिविधियों के एक-एक कृषक को मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर 10 हजा रूपये और जिले के पांच विभिन्न गतिविधियों के एक-एक कृषक समूह को समिति की अनुशंसा के आधार पर 20 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कृषक, कृषक समूह अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विस्तार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बीटीएम, एटीएम से संपर्क कर 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा कृषक उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकीय विभाग से भी आवेदन पत्र प्राप्त कर संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास भी भरे हुए आवेदन जमा कर सकते हैं।





### निर्धारित अवधि में दस्तावेज जमा कराएं कृषक

जिले के डीलर व कृषकों को कृषि अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा संचालित ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना वर्ष 2022-23 में यंत्रों के क्रय करने के लिए जिन कृषकों द्वारा आवेदन किए गए थे और जिन पात्र हितग्राहियों के नाम पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं, उन प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज पोर्टल अनुसार निर्धारित अवधि में डीलर या कृषकों को जमा कराने के निर्देश कृषि अभियांत्रिकी विभाग ने दिए हैं। सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि दस्तावेज जमा करने के बाद कार्यालय से स्वीकृति जारी की जाएगी और समयावधि में आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड न होने की स्थिति में प्रकरण स्वतः निरस्त हो जाएगा।




## परम पूज्य स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य जी का जन्म जीवमात्र के कल्याण के लिए हुआ था

**कटनी,यशभारत।** स्थानीय रंगनाथ मंदिर रंगनाथ नगर में श्रीरंग मंदिर के प्रतिष्ठापक परम पूज्य त्रिपाद विभूति स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य जी महाराज की 22 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में वैदिक शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष पंडित रामाधार गौतम ने कहा की भगवद् प्राप्त महात्मा एवं संतों का जन्म हमेशा जीव कल्याण के लिए होता है इन महात्माओं संतों से यह वसुंधरा पवित्र हो जाती है ऐसे ही महान सन्त स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य जी महाराज का जन्म कटनी जिले के देवरी सानी निवारगांव में हुआ था किंतु उनका आध्यात्मिक वैभव पूरे भारतवर्ष में विस्तारित हुआ श्री स्वामी जी श्री क्षेत्र जगन्नाथ धाम पुरी स्थित जीयर स्वामी मठ केमठाधिपति नियुक्त होकर चारों वेदों के पठन-पाठन की सुचारू व्यवस्था की जो कि जीयर स्वामी मठ में अनंत सुदेव याज्ञवल्क्य वेद पाठशाला के रूप में संचालित है। समारोह के प्रारंभ में प्रातः सत्र में प्रधानाचार्य पंडित धीरेन्द्र द्विवेदी, आचार्य संदीप पांडे, आचार्य मणि शंकर मिश्रा एवं मंदिर व्यवस्थापक रामकरण दुबे के मार्गदर्शन में वेद विद्यालय के छात्रों ने परम पूज्य स्वामी जी के चित्रपट का विधिवत पूजन, दिव्य विविध स्तोत्र का पाठ आरती एवं प्रसाद अर्पित किया। समारोह के संध्या सत्र में वैदिक शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष रामाधार गौतम कोषाध्यक्ष संपत गट्टानी पंडित राजेंद्र गर्ग पंडित गणेश दत्त मिश्रा व्यवस्थापक रामकरण दुबे आचार्य संदीप पांडे एवं वेद पाठशाला के सभी छात्रों ने स्वामी जी के चित्रपट के सम्मुख स्तुति गान पूजन आरती के बाद स्वामी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और अंत में छात्रों को निःशुल्क वैदिक ग्रंथों का वितरण किया तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION KATNI , DIST- KATNI**

**Section-1 ( Second Call ) Notice Inviting e-Tender**

**N.I.T. No. 427A/WWD/ AMRUT/ 2022-23** **Dated 26/08/22**

Online Lumpsum bids for the following balance works of sewerage Network under "AMRUT" are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria:

| S.NO. | WORK | Probable Amount (in lacs) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|
| 1.0 | Survey, Design, Construction and commissioning of Sewerage Network in KATNI Municipal area including.<br>1.0 Providing laying and jointing of sewerage pipelines including construction of manholes and sewer appurtenances .<br>2.0 Construction, supply, erection and commissioning of Sewerage treatment plant and RCC sumpwell along with providing and installation of pumps from sumpwell to STP.<br>3.0 Providing house sewer chambers and laterals for connecting sewer to consumer sewer lines<br>4.0 Providing and laying of HT feeder connection upto Sewerage treatment plant<br>5.0 Providing house sewerage connections | Rs.5098.67 | 18 months including rainy season |

5.Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in 6. The Bid Document can be purchased only Online from 10:00 AM of 29-08-2022 to 18:00 PM of 13-09-2022. 7. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper. 8. GST shall be payable as per Govt. rules. The Bidder shall operate and maintain the Sewerage system including previously laid lines of terminated contract of KATNI for 10 years after successful completion of the works as per Tender. The initial period of 5 years after completion shall be treated as Defect Liability Period ( DLP ).

**Executive Engineer For Commissioner Municipal Corporation, Katni**

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# गौरीनंदन श्रीगणेश की मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार



## महंगाई की पड़ रही मार

मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार हर सामान का रेट बढ़ गया है, जिससे मूर्ति को तैयार करने में लागत काफी बढ़ जा रहा है, ऐसे में इस बार महंगाई की मार गणेश प्रतिमाओं पर भी देखने मिल रहा है। वहीं पूर्व में मूर्तियों का कीमत 151 रुपए से शुरू होता था लेकिन समान महंगे होने के कारण हर साइज की मूर्तियों में करीब 30 से 40 प्रतिशत का रेट बढ़ गया है। मूर्तियों की डिमांड को देखते हुए इस बार छह दिन पहले से ही बाजार में बिकने के लिए मूर्तियां आ गई हैं। कचहरी चौक, शेर चौक क्षेत्र, गोल बाजार आदि में मूर्तियां मिलना शुरू हो गई हैं।

### रॉ-मटेरियल महंगे होने के कारण मूर्तियों की भी बढ़ी न्यौछावर, गणेत्सव समितियों ने शुरू की तैयारी

**कटनी, यशभारत।** गणेश महोत्सव को लेकर जिले में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। विघ्नहर्ता के आने का अब मात्र तीन दिन का समय बचा है, जिससे बाहर से आए व स्थानीय मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। वहीं इस बार प्रतिमाओं पर भी महंगाई की मार पड़ रही है, ऐसे में मूर्तिकारों का कहना है कि रॉ-मटेरियल महंगे होने के कारण मूर्तियों का भी रेट बढ़ गया है लेकिन इस बार पूरी छूट मिलने के कारण अच्छी-खासी बिक्री होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि विगत दो सालों से कोरोना संक्रमण के चलते शासन के गाइड लाइन के तहत ही पूजा-पाठ भी हो रहा था, जिससे विगत दो साल से सामूहिक पूजा-पाठ बंद होने के कारण लोग छोटी-छोटी मूर्तियों से ही अपने घरों में पूजा कर रहे थे लेकिन अब

#### शहर में दस दिन रहेगी महोत्सव की धूम

स्थिति सामान्य होने के बाद लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसके लिए पहले से मूर्तिकार तैयारी कर रहे हैं। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कलकत्ता से मूर्तिकार पहुंचे हैं। प्रेमरामायण समाज भवन में मूर्तिकार कार्तिक पाल ने बताया कि नए डिजाइन में आकर्षक मूर्तियां तैयार की हैं। साथ ही इस बार सामूहिक पूजा में छूट मिलने के बाद प्रतिमाएं आर्डर के अनुसार फुल साइज में बन रहा हैं, वहीं इस संबंध में मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार अच्छी खासी बिक्री होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बार शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी मूर्ति बनाने के लिए पहले से ही आर्डर मिला है जो लगभग तैयार हो चला है। 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी पड़ रहा है, जिससे कलाकर मूतियों को फाइनल टच देने वाले है।

## आग में झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम गोहावल में एक युवक आग की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। पत्नी ने एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोहावल निवासी 30 वर्षीय शिवप्रसाद रजक किसी तरह मेनहत मजदूरी कर परिवार का भषण-पोषण कर रहा था। शनिवार की सुबह वह उठा। पत्नी बच्चों को संभाले हुई थी। शिवप्रसाद चाय बनाने के लिए चूल्हे में आग लगाया तभी वह आग की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। किसी तरह चादर आदि लपेटकर परिजनों ने आग पर काबू पाया। उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सावधानः नल का पानी हो सकता दूषित

### जरा सी बारिश में नलों से आता है नाली का पानी, बीमार हो रहे लोग

**कटनी। यशभारत।** शहर में जरा सी बारिश से नागरिकों के नलों से गंदा पेयजल आने लगे हैं। नई बस्ती डा माली गली में लगे नलों की हालत तो यह है कि पानी में एक दाम नाली के पानी जैसी दुर्गंध आती रहती है। गर्मी में रेत आने का संकट और बरसात में गंदे पानी का यही हाल वेंकट वार्ड में भी हैं। यहां चक्की घाट रोड में नागरिकों द्वारा मुख्य पाइप लाइन को तोड़कर सीधे नल कनेक शन लेने से गड्डों में बरसाती पानी भर जाता है फिर यही पानी नलों के द्वारा लोगों के घरों में पहुंचता है।

पानी इतना दूषित होता है कि इसे घर के पीने के बर्तन में भर कर रखने पर कुछ ही देर में यह दुर्गंध देने लगता है। हालात भट्टा मोहल्ला के भी ऐसे ही है यहां भी पाइप लाइन को तोड़ने के कारण जलापूर्ति प्रभावित है। गंदे पानी का सप्लाई से नागरिक परेशान हो गए हैं। नागरिकों ने बताया कि इसके पीछे वजह शहर के खाली प्लाटों में भरा गंदा पेयजल भी है। यही वजह है कि शहर में खाली प्लॉटों पर भरे पानी की वजह से नलों और बोर से आ रहा गंदा पानी पा रहा



है लेकिन नगर निगम प्लॉट मालिकों पर सख्ती नहीं दिखा पा पा रहा है। इसी तरह शहर के राम मनोहर लोहिया वार्ड निवासी परेशान हैं। प्लॉट मालिकों के ऊपर कोई कार्रवाई न होने से गंदा पानी प्लॉटों पर भरा रहता है। शहर के स्थानीय रहवासियों ने बताया कि शहर में नगरनिगम खाली प्लॉट मालिकों के लिए सख्ती नहीं कर रहा है। ऐसे खाली प्लॉटों पर पानी की शिकायतों के चलते फैलने वाले मच्छरों और डेंगू की बीमारी फैला रहे हैं। शहर की कई कॉलोनियों में लोगों ने सालों पहले सस्ते प्लॉट खरीद लिए। लेकिन आज तक निर्माण नहीं किया। कॉलोनियों में निकासी नालियां भी नहीं हैं। कचरा फेंकने की जगह भी नहीं है। प्लॉटों में कचरा गंदा पानी जमा होने से मच्छर हो रहे हैं। जिससे लोगों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया हो रहा है।

#### नहीं सुधरे हालात तो संक्रामक रोग फैलेंगे

लोगों का कहना है कि अगर समय रहते नगर निगम नहीं चेता तो पूरे शहर में संक्रामक रोग भी फैलने से कोई नहीं रोक सकता। अभी भी पूरे शहर में मौसमी बीमारियां से लोग ग्रसित हो रहे हैं। अस्पताल में सबसे ज्यादा पेट की बीमारी के मरीज आ रहे हैं। वायरल फ्लू तथा उल्टी दस्त जैसी बीमारियों के कारण अस्पतालों में ओपीडी फुल है। जिला चिकित्सालय के साथ साथ निजी अस्पताल भी मरीजों की दिनों दिन बढ़ती संख्या के गवाह बनें हैं। लोगों ने नए जनप्रतिनिधियों से ध्यान देने की अपेक्षा जताई है।



## तेल चढ़ाकर विधि-विधान से की शनिदेव की पूजा

### शनि अमावस्या पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ , पूजन-अर्चन व भंडारे का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** शनि अमावस्या पर शनिवार को शनि मंदरों में लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। सुबह से लोग न्याय के देवता शनिदेव की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। हीरागंज स्थित शनिदेव मंदिर में सुबह से पूजन का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। पुजारी द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई गई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने शनिदेव को तेल चढ़ाकर पूजा करते हुए घर में खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान मंदिर में हवन-आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा शहर के गायत्री नगर स्थित शनि मंदिर, बग्घा बाबा मंदिर खिरहनी, शनि मंदिर विश्राम बाबा सहित अन्य मंदिरों में आयोजन हुए।

# फिर से मानसून की दस्तक से जिले को बड़ी राहत

**कटनी,यशभारत।** जिला वासियों के लिए खबर अच्छी है। बीते दो दिन से बारिश का क्रम फिर से शुरू हो गया है। लगता है कि कटनी जिले में बारिश का आंकणा कम से कम अपनी सामान्य स्थिति को छू लेगा यह न सिर्फ किसान वरन आम जन के लिए भी बेहद जरूरी है क्योंकि शहर में भयंकर जल संकट ने इस साल अपना जो रूप दिखाया वह चिंताजनक रहा। बहरहाल मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वातावरण में काफी नमी मौजूद है। जिसके चलते अगले दो दिन कटनी जिले सहित भोपाल, रीवा, शहडोल, जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं। उधर उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के आने एवं सुबह के समय ओंस गिरने का सिलसिला शुरू होने से मानसून की भी संकेत मिलने लगे हैं। इधर आज शाम से कटनी में रुक रुक कर तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से मानसून फिर से सक्रिय होता दिखा। यह एक सितंबर तक सक्रिय रहेगा।






## सर्पदंश की घटनाएं बढ़ीं, अस्पताल की डायलिसिस मशीन नहीं आ रही काम



**कटनी, यशभारत।** जिला अस्पताल में इन दिनों डायलिसिस मशीन की जरूरत मरीज कर रहे हैं। यहां पर दो ही मशीन चालू हैं। एक मशीन बंद पड़ी है। वैसे तो जिला अस्पताल को चार मशीनों की आवश्यकता है। डायलिसस सेंटर में एक दिन में 3 से 4 मरीजों का डायलिसिस हो रहा है। यदि दूसरी मशीन भी चालू होती तो दो अन्य मरीजों को भी इसका लाभ मिलता। उल्लेखनीय है कि जहरीला पदार्थ खाने, सर्पदंश, दुर्घटना सहित अन्य स्थितियों में भी डायलिसिस की आवश्यता होती है। ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य कारणों से जब मरीज की किडनी पूरी तरह से कामकरना बंद कर देती है और उन्हें नियमित डायलिसिस की आवश्यकता होती है। हैरानी की बात तो यह है कि इतने लंबे समय से खराब पड़ी मशीन को ठीक कराने अस्पताल प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया और गुर्दा रोगी दर्द को लेकर भटक रहे हैं। वहीं जिला अस्पताल में बिना नेफ्रोलॉजिस्ट के ही डायलिसिस का काम किया जा रहा है। इसके अलावा दो मशीने हीं काम कर रही है। वैसे तो यहां पर तीन मशीन हैं लेकिन दो बंद पड़ी हैं। वहीं पिछले सप्ताह तो यह दो मशीन भी बंद रहीं। इसके पीछे वजह रही पानी की सप्लाई प्रभावित हो जाना। आरो प्लांट में तकनीकि कारणों से डायलिसिस के लिए पानी नहीं मिल पा रहा था। इस वजह से डायलिसिस का काम प्रभावित हुआ।

## पीओएस मशीन से अबतक काटे 1045 चालान

### जिलेभर में कार्रवाई कर पुलिस ने वसूला 3 लाख रुपए से अधिक राजस्व

**कटनी, यशभारत।** जिले में यातायात नियमों का पालन न करने वाले, नियम विरुद्ध तरीके से वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, तीन सवारी, बिना दस्तावेज, लाइसेंस के वाहन चलाने आदि नियमों के उल्लंघन पर पुलिस द्वारा ई-चालानी कार्रवाई की जा रही है। 5 अगस्त से पीओएस मशीन (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन से चालान काटे जा रहे हैं। जिलेभर में 1045 चालान काटे गए। यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे ने बताया कि इस कार्रवाई के माध्यम से जिलेभर में 3 लाख 42 हजार 750 रुपए का राजस्व वसूला गया है। 30 मशीनों के माध्यम से चालानी कार्रवाई की जा रही है। यातायात थाने में छह, सभी थानों व चौकियों में एक-एक मशीन मुहैया कराई गई है। यातायात थाने में पदस्थ एएसआई काशीराम झारिया द्वारा अब तक 92 सर्वाधिक चालान काटे गए हैं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने सम्मानित किया है। गौरतलब है कि जब किसी परिस्थिति में मशीनें काम नहीं करेंगी तभी मैनुअली कार्रवाई होगी।






## पुलिस ने जप्त की शराब

**कटनी, यशभारत।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने दबिश देकर शराब जप्त की है। इस संबंध में पुलिस से जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने ग्राम घुघरा में नरेश बर्मन के पास से पांच लीटर शराब, भनपुरा नंबर दो में कौशल कोल के पास से पांच लीटर शराब जप्त की है। इसी प्रकार स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम बढ़खेरा में मिथलेश कुमार विश्वकर्मा के पास से 20 पाव शराब, ढीमरखेड़ा पुलिस ने दशरमन में दुर्गेश कोल के पास से 6 लीटर शराब, रतन के पास से भी 6 लीटर शराब जप्त की है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666
फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)